भारत सरकार
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 5288
बुधवार, दिनांक 02 अप्रैल, 2025 को उत्तर दिए जाने हेतु

सौर शहर का विकास

5288. श्रीमती रूपकुमारी चौधरी:
श्री गजेन्द्र सिंह पटेल: क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश के प्रत्येक राज्य में कम से कम एक शहर को सौर शहर के रूप में विकसित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त योजना/प्रस्ताव को कब तक स्वीकृति मिलने की अपेक्षा है;

(ग) क्या सरकार ने इस प्रयोजन के लिए किसी शहर को चिन्हित किया है यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या हैं; और

(घ) उक्त योजना के कार्यान्वयन के लिए आवंटित तथा जारी की गई निधि का राज्यवार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत राज्य मंत्री
(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) से (घ): नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) ने प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र से कम से कम एक शहर को सौर शहर के रूप में विकसित किए जाने हेतु चयन करने का अनुरोध किया है। अब तक 27 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने इस संबंध में शहरों की पहचान की है। पहचान किए गए शहरों की सूची अनुलग्नक में दी गई है।

सौर शहरों के लिए कोई अलग योजना नहीं है तथा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत उपलब्ध निधियों का सौर शहरों के विकास के लिए उपयोग किया जा सकता है।

सौर शहर विकसित करने पर एक अवधारणा नोट राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्र को परिचालित किया गया, जिसमें पहचान किए गए शहरों को सौर शहरों के रूप में विकसित करने के लिए एक कार्य योजना को अंतिम रूप देने तथा समयबद्ध तरीके से योजना को क्रियान्वित करने का अनुरोध किया गया।

<u>अनुलग्नक</u>

'सौर शहर का विकास' के संबंध में पूछे गए दिनांक 02.04.2025 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 5288 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

सौर शहरों के रूप में विकसित किये जाने हेतु राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा चिन्हित शहरों की सूची

| क्र. सं. | शहर का नाम | राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | माजुली | असम |
| 2 | बोधगया | बिहार |
| 3 | राजगीर | बिहार |
| 4 | वैशाली | बिहार |
| 5 | न्यू रायपुर | छत्तीसगढ |
| 6 | चंडीगढ़ | चंडीगड |
| 7 | एनडीएमसी | दिल्ली |
| 8 | द्वारका | गुजरात |
| 9 | पंचकुला | हरियाना |
| 10 | शिमला | हिमाचल प्रदेश |
| 11 | गिरडीह | झारखंड |
| 12 | बिदर | कर्नाटक |
| 13 | बेल्लारी में होस्पेट | कर्नाटक |
| 14 | तिरवंनतपुरम | केरल |
| 15 | सांची | मध्यप्रदेश |
| 16 | पश्चिम गारो हिल्स का टूरा शहर | मेघालय |
| 17 | भुवनेश्वर | उडीसा |
| 18 | जैसलमेर | राजस्थान |
| 19 | पुष्कर | राजस्थान |
| 20 | अयोध्या | उत्तर प्रदेश |
| 21 | प्रयागराज | उत्तर प्रदेश |
| 22 | देहरादून | उतराखंड |
| 23 | बीरभूम, शांतिनिकेतन में प्रांतिक | पश्चिम बंगाल |
| 24 | शहीद द्वीप | अंडमान-निकोवार द्वीप समूह |
| 25 | अमृतसर | पंजाब |
| 26 | जोरेथांग | सिक्किम |
| 27 | उदयपुर शहर | त्रिपुरा |
| 28 | सैतुल | मिजोरम |
| 29 | दिव शहर | दादर नागर हवेली और दमन दीव |
| 30 | दमनवाडा पंचायत | दादर नागर हवेली और दमन दीव |
| 31 | पंजिम | गोवा |
| 32 | दीमापुर | नागालैंड |
| 33 | कोहिमा | नागालैंड |
| 34 | जम्मू | जम्मू-कश्मीर |

*****